उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 484/2022..... दिनांक /Date.: 14/06/2022

संवाद–229

विषयः– शारीरिक दक्षता परीक्षण में विभिन्न कारणों से प्रतिभाग न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त दिवस में अवसर प्रदान किये जाने के संबंध में

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि वर्तमान में प्रदेश में पुलिस आरक्षी व अन्य रिक्त पदों पर चयन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोग को ईमेल व पत्राचार के माध्यम से कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अनुरोध किया जा रहा है कि "शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए उन्हें जो तिथि आंवटित की गयी थी उस तिथि को उनकी कोई अन्य परीक्षा होने के कारण उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु अग्रिम तिथि प्रदान की जाय"

इस संबंध में अवगत कराना है कि आयोग कार्यालय के पत्रांक–339/2022(अधिसूचना) दिनांक 26.05.2022 द्वारा उक्त संदर्भ में विस्तृत अधिसूचना जारी की गयी है। जिसकी प्रति अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ पुनः संलग्न की जा रही है।

उपरोक्त अधिसूचना दिनांक 26.05.2022 से संबंधित अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित तिथियों में शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु जो प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं वे उसी प्रवेश पत्र को लेकर संबंधित परीक्षा केन्द्र/स्थान पर पूर्व आंवटित तिथि में प्रतिभाग न कर पाने के कारण सहित यथा आंवटित तिथि को अन्य लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र या चिकित्सक का प्रमाण पत्र तथा अन्य समुचित साक्ष्य/प्रमाण सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इस संबंध में शारीरिक दक्षता प्रभारियों द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

संलग्नक–यथोपरि।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता
राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 339/2022 || अधिसूचना || दिनांक /Date.: 06/05/2022

विषयः– वर्तमान में पुलिस आरक्षी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आयोजित की जा रही शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि परिवर्तित किये जाने के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा किये जा रहे अनुरोध के संबंध में

वर्तमान में प्रदेश में पुलिस आरक्षी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। आयोग को ईमेल व पत्राचार के माध्यम से कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि में परिवर्तन हेतु अनुरोध पत्र प्राप्त हो रहे है इन अनुरोध पत्रों की निम्न 05 श्रेणियां है :–

1. **अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए आवंटित तिथि को ही कोई अन्य परीक्षा है।**
2. **कुछ अभ्यर्थियों को आई चोट या दुर्घटना के कारण आवंटित तिथि को परीक्षा देने में कठिनाई है।**
3. **कुछ महिला अभ्यर्थियों ने यह अनुरोध किया है कि उनका हाल ही में प्रसव–काल रहा है ऐसे में उन्हें समय दिया जायें।**
4. **कुछ अभ्यर्थियों की आवेदन की त्रुटियों के कारण उन्हें महिला या पुरूष भर्ती केन्द्र आंवटित हो गये है।**
5. **कुछ अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा देने के दौरान चोट आई है और वे पुनः परीक्षा देना चाहते हैं।**

आयोग द्वारा उक्त संबंध में पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय को प्रेषित पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा किये जा रहे अनुरोध के कम में यह निर्धारित किया गया कि प्रत्येक जिले में वर्तमान कार्यकमानुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा समाप्त होने के तत्काल बाद के दो दिनों को उपरोक्त 05 श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त दिवस के रूप में आवंटित कर दिया जाये। साथ ही अवगत कराना है कि ऐसे अभ्यर्थी अपना लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र या चिकित्सक का प्रमाण पत्र तथा अन्य समुचित प्रमाण संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षण केन्द्र पर प्रस्तुत करके ही इस अतिरिक्त दिवस का उपयोग कर सकेंगे। अन्य किसी भी श्रेणी को अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जायेगा

यह भी स्पष्ट करना है कि शारीरिक दक्षता परीक्षा के वर्तमान कार्यक्रम के तत्काल बाद जो अतिरिक्त दिवस संबंधित जिले के केन्द्र प्रभारी द्वारा चिन्हित किये जायेंगे केवल उन्हीं दिवसों में उपरोक्त 05 श्रेणी के अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण दे सकते हैं। इससे अलग शारीरिक दक्षता के लिए कोई भी अवसर नहीं दिया जायेगा।

जो अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा देते हुये चोटिल हुये हैं वे चिकित्सक से स्वस्थता प्रमाण पत्र के साथ अतिरिक्त दिवस को भाग ले सकते है किंतु उन्हें सभी परीक्षणों/स्पधाओं को शुरूआत से पूरा करना होगा।

उपरोक्त पांचों श्रेणी के अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार प्रमाण सहित अपना अनुरोध पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्र प्रभारी/परीक्षण केन्द्र पर पूर्व सूचना देकर उपलब्ध करायेंगे जिससे ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित हो सके व तदनुसार प्रत्येक परीक्षा केन्द्र प्रभारी अतिरिक्त दिवसों की आवश्यकता की गणना कर सकें।

अतः ऐसे अभ्यर्थी जो उपरोक्त 05 श्रेणी में है तदनुसार कृपया तत्काल अपने–अपने निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्रों को सप्रमाण सूचित करना सुनिश्चित करें।

06/05/22
(संतोष बडोनी)
सचिव।